# राँची सहित देशभर के 25 हवाई अड्डों को लीज पर देने की तैयारी

## चर्चा में क्यों?

19 दिसंबर, 2022 को केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री वीके सिंह ने बताया कि देश के प्रमुख शहरों के हवाई अड्डों के संचालन का काम निजी क्षेत्र की कंपनियाँ कर रही हैं। इसी क्रम में अब राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन (एनएमपी) के तहत राँची सहित देश के अन्य 25 शहरों के हवाई अड्डों को 2022 से 2025 के दौरान लीज पर देने के लिये चुना गया है।

## प्रमुख बिंदु

- केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के अनुसार देश में पटना, राँची, भुवनेश्वर, वाराणसी, अमृतसर, त्रिची, इंदौर, रायपुर, कालीकट, कोयंबटूर, नागपुर, मदुरै, सूरत, जोधपुर, चेन्नई, विजयवाड़ा, वडोदरा, भोपाल, तिरुपति, हुबली, इंफाल, अगरतला, उदयपुर, देहरादून और राजमुंदरी को लीज पर देने के लिये चुना गया है।
- एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने आठ हवाई अड्डों को संचालन के लिये पीपीपी मॉडल के तहत लंबे समय के लिये लीज पर दिया है। मंत्रालय का मानना है कि जनहित में इसे निजी क्षेत्र को लीज पर दिया जा रहा है, ताकि देश में आधुनिक हवाई अड्डों का निर्माण हो सके।
- वीके सिंह ने बताया कि हवाई अड्डे आर्थिक गतिविधि के केंद्र के तौर पर सामने आए हैं। लीज पर एयरपोर्ट देने से हासिल राजस्व से देश में हवाई अड्डों के बुनियादी ढाँचे का विकास किया जा रहा है। वहीं, केंद्र सरकार ने देश में 21 ग्रीन फील्ड हवाई अड्डे के निर्माण को मंज़ूरी दी है, जिसमें से 10 ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट शुरू हो चुके हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/25-airports-across-the-country-including-ranchi-to-be-leased-out